हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 26 जनवरी 2024

तापमान
अधिकतम 25.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

12 विप्र वार्षिक उत्सव व सम्मेलन कल से



16 निर्वाचन में गरियाबंद जिले का कार्य उत्कृष्ट तत्कालीन...





## खबर संक्षेप

### बेरोजगार संघ का कार्यक्रम आज, विधायक रोहित मुख्य अतिथि

**राजिम।** गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के अवसर पर छत्तीसगढ़ बेरोजगार संघ राजिम द्वारा मेला मैदान में कॉलेज एवं स्कूली छात्र-छात्राओं का मार्च पास्ट एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रोहित साहू होंगे।



अध्यक्षता पूर्व सांसद चंदूलाल साहू व पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय करेंगे। विशेष अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा-जितेंद्र सोनकर मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम का आयोजन सुबह 9 बजे से प्रारंभ होगा। जिसमें एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की जाएगी। बेरोजगार संघ के अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा ने शहर के नागरिकों से कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मौजूद रहने के लिए आग्रह किया है।

### पेंशनर भवन में ध्वजारोहण होगा आज

**मुड़ागांव(कोरासी)।** तहसील शाखा छुरा के समस्त पेंशनर द्वारा 26 जनवरी को सुबह 7 बजे पेंशनर भवन में ध्वजारोहण किया जाना है। जिसमें समस्त पेंशनर अधिक से अधिक संख्या में लोगों से उपस्थित होने की अपील की गई है। उक्त जानकारी पेंशनर अध्यक्ष तिलक राम सिन्हा द्वारा दीं गई।

### पर्व : पुलिस परेड ग्राउंड में होगा मुख्य आयोजन

# गणतंत्र दिवस पर सांसद चुन्नीलाल करेंगे ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

■ कलेक्टर और एसपी ने किया व्यवस्थाओं का किया अवलोकन तैयारियां पूरी

जिले में हर्षोल्लास और गरिमामयी माहौल में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाया जाएगा। पुलिस परेड ग्राउंड में सभी तैयारियां कर ली गई है। महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के सांसद चुन्नीलाल साहू 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर गरियाबंद जिले में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। समारोह सुबह 9 बजे शुरू होगा। श्री साहू पुलिस परेड ग्राउंड पर आयोजित कार्यक्रम में ध्वजारोहण करेंगे एवं परेड की सलामी लेंगे। मुख्य अतिथि श्री साहू द्वारा मुख्यमंत्री विष्णदेव साय के संदेश का वाचन किया जाएगा। तत्पश्चात रंगीन गुब्बारे आकाश में छोड़े जाएंगे। कार्यक्रम में परेड द्वारा हर्ष फायर कर मार्च पास्ट किया जाएगा। कार्यक्रम में शामिल शहीदों के परिवार का सम्मान भी किया जाएगा। कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राएं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। साथ ही विभागों द्वारा शासन की योजनाओं पर केंद्रित चलित झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा। कार्यक्रम में पुरस्कार वितरण किया जायेगा। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित भी किया जाएगा।



गणतंत्र दिवस पर सभी शासकीय एवं सार्वजनिक भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को रात्रि में जिले के सभी शासकीय एवं सार्वजनिक भवनों तथा राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों पर रोशनी की जाएगी। जनपद कार्यालयों में जनपद अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहरण किया जाएगा। ऐसे नगरीय निकाय जिनका मुख्यालय ब्लॉक मुख्यालय पर नहीं है उनमें नगरीय निकाय के अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा। पंचायत मुख्यालयों में सरपंच द्वारा एवं बड़े गांवों में गांव के मुखिया द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा और सामूहिक रूप से राष्ट्रीय गान गाया जाएगा।

### धूमधाम से मनेगा गणंतत्र दिवस

**फिंगेश्वर।** 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर्व नगर सहित अंचल में धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर संस्था प्रमुख एवं पदाधिकारी ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी देंगे। सभी शासकीय अशासकीय कार्यालयों में मिष्ठान वितरण किया जाएगा। नगर पंचायत में अध्यक्ष जगदीश यादव ध्वजारोहण किया जाएगा। जनपद में जनपद अध्यक्ष पुष्पा जगन्नाथ साहू, वनविभाग के रेंजर तरूण तिवारी, बीआरसी कार्यालय में विकासखंड स्रोत समन्वय टिकेन्द्र यद्धु,तहसील कार्यालय में तहसीलदार खोमन ध्रुव सहित संस्थानों व कार्यालयों में प्रमुख ध्वजारोहण करेंगे।

### विधायक ध्रुव करेंगे देवभोग में ध्वजारोहण

**मैनपुर।** गणतंत्र दिवस के 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव देवभोग में ध्वजारोहण करेगें। विधायक बनने के बाद जनक ध्रुव पहली बार देवभोग में ध्वजारोहण करेंगे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा जोरशोर से तैयारी की जा रही है।

### मैनपुर जनपद में अध्यक्ष नूरमती फहराएंगी ध्वज



**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर जनपद पंचायत कार्यालय में जनपद पंचायत के अध्यक्ष श्रीमती नूरमती मांझी गणतंत्र दिवस के अवसर पर सुबह 7:30 बजे ध्वज फहराएंगी। जनपद पंचायत मैनपुर द्वारा गणतंत्र दिवस पर्व धूमधाम के साथ मनाने की तैयारी की जा रही है। जनपद पंचायत कार्यालय को विद्युत की रोशनी से सजाया गया है।

### धनेंद्र करेंगे संगवारी कार्यालय में ध्वजारोहण

**नवापारा-राजिम।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर शुक्रवार को सुबह 9 बजे संगवारी कार्यालय में पूर्व विधायक धनेंद्र साहू ध्वजारोहण करेंगे। यह जानकारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा ने दी।



### गांधी चौक में डॉ. राजेंद्र, पालिका में धनराज करेंगे ध्वजारोहण





**नवापारा-राजिम।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर गांधी चौक में सुबह 8:30 बजे शहर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. राजेंद्र गदिया ध्वजारोहण करेंगे। नगर पालिका कार्यालय में पालिका अध्यक्ष धनराज मध्यानी सुबह 7:30 बजे ध्वजारोहण करेंगे। यह जानकारी सीएमओ संतोष विश्वकर्मा ने दी।

### रसेला में होगा जगह- जगह ध्वजारोहण

**रसेला।** गणतंत्र दिवस पर शुक्रवार को रसेला ग्राम में जगह- जगह ध्वजारोहण किया जाएगा। शासकीय व अर्द्ध शासकीय कार्यालयों में एक साथ सुबह 7. 55 बजे अतिथि ध्वजारोहण करेंगे। सभी स्कूलों के छात्र- छात्राओं द्वारा प्रभातफेरी निकाली जाएगी। 9 बजे प्राथमिक शाला व माध्यमिक शाला के प्रांगण में स्कूली बच्चों द्वारा भाषण, देशभक्ती गीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सभी अतिथियों के द्वारा यहां पर ग्राम पंचायत में बिगेन्द्र ठाकुर सरपंच, माध्यमिक शाला में अध्यक्ष धनेश्वर दास, प्राथमिक शाला में अध्यक्ष देवकी ठाकुर, हाईस्कूल में ग्राम पटेल लोकराम यादव, प्री मैट्रिक बालक छात्रावास में उप-सरपंच परमेश्वर , संकुल रसेला में संकुल समन्वयक त्रिलोक ध्रुव, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति रसेला में ग्राम प्रमुख डी आर यादव, लघु वनोपज सहकारी समिति रसेला में अध्यक्ष भावसिह मरकाम, अटल चौंक पर ग्राम प्रमुख नन्दूदास, धनीराम , जयस्तंभ चौक पर पंच भुनेश्वर मरकाम, सगुन दास, धान उपार्जन केन्द्र में भाजपा महामंत्री छुरा मंडल शिवशंकर जयसवाल, पशु औषधालय में पंच कैलाश यादव, संतराम ठाकुर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कमलेश्वर नायक, आंगनबाड़ी केंद्र 1 में पंच शारदा बाईं यादव, साधना जयसवाल, आंगनबाड़ी केंद्र 2 में नेमीन यादव, यास्मिन सेन, सरिता ठाकुर, सब-डिवीजन विधुत केन्द्र में सहायक लाईनमैन अंजोर सिंह नायक, गुरु कृपा विद्या मंदिर में अध्यक्ष धनंजय ध्रुव ध्वजारोहण करेंगे।

### नगरपालिका राजिम में रेखा सोनकर करेंगी ध्वजारोहण

**राजिम।** 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर राजिम नगर पंचायत कार्यालय में नपा अध्यक्ष रेखा-जितेंद्र सोनकर सुबह 8 बजे ध्वजारोहण करेंगी। यह जानकारी सीएमओ अशोक सलामे ने दी।



### 45 गांव के 7500 एकड़ में रबी फसल की तैयारी

# कुकदा पिकवियर से छोड़ा गया पानी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

■ राजिम विधायक रोहित ने बटन दबाकर गेट खोले

छेरछेरा पुन्नी के अवसर पर विधायक रोहित साहू ने राजिम, फिंगेश्वर, कोपरा, पाण्डुका क्षेत्र के लगभग 45 गांवों में रबी फसल के लिए पानी देने सिकासार बांध से सिंचाई करने कुकदा पिक वियर में बटन दबाकर गेट खोलकर पानी छोड़ा है। इस मौके पर जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता एसके बर्मन सहित बड़े संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। इससे 45 गांव के लगभग 7500 एकड़ में पानी पहुंचेगा । इसमें 30 हजार से ज्यादा किसान लाभाविंत होंगे। कलेक्टर, जल संसाधन विभाग के अधिकारी और राजिम और बिंद्रानवागढ़ विधायक ने जल उपयोगिता समिति की बैठक कर महत्वपूर्ण निर्णय लिया था। आज राजिम विधायक रोहित साहू कुकदा डैम पहुंचे हुए थे। क्षेत्र में किसानों के 9000 एकड़ खेत रबी फसल ▶▶| शेष पेज 16 पर

### जंगल में पुलिस- नक्सली मुठभेड़

■ एक नक्सली के घायल होने की खबर

**गरियाबंद।** गरियाबंद के दुर्गम इलाका सिकासार और छिदौला के जंगल में नक्सली–पुलिस मुठभेड़ हुई है, इस मुठभेड़ में एक नक्सली के घायल होने की खबर है। उक्त घटना की पुष्टि एसपी अमित तुकाराम कांबले ने की है। मालूम हो कि गरियाबंद पुलिस गणतंत्र दिवस पर सुरक्षा को लेकर चाक–चौबंध व्यवस्था की थी। इस दौरान पुलिस को जिले के अंदरूनी इलाके में नक्सलियों की सुगबाहट मिली थी। जिसे लेकर सुरक्षा बल सर्चिंग में निकली थी। वहीं पुलिस बल को नजदीक आते देख उन्हें नुकसान पहुंचाने फायरिंग कर दी। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। बताया जाता है कि नक्सली और पुलिस के बीच कई राउंड फायरिंग हुई, पुलिस को भारी पड़ता देख जंगलों के आड़ लेते हुए नक्सली भाग खड़े हुए। बताया गया कि इस मुठभेड़ में एक नक्सली घायल हुआ है। घटना के बाद इलाके में सर्चिंग तेज कर दी गई है।

LAST SUPER 3 DAYS SALE
Happy REPUBLIC DAY
26 27 & 28 JANUARY 2024
UNLIMITED OFFERS & SHOPPING
HURRY UP! GRAB IT NOW
FLAT 50% OFF
GINI & JONY | Little Kangaroos | CRIMSOUNE FEMME | mufti | KAZO | madame | PONTIAC DIVA | SHINGORA | FRENCH CONNECTION | spykar | LINENCLUB | Levi's
UPTO 50% OFF
DEAL JEANS | ELLE | SHLOK | CK Calvin Klein | Junior | BLACKBERRYS | PUMA | TOMMY HILFIGER
BUY 2 50% OFF
JACK & JONES Junior | KLUB | VERO MODA | JACK & JONES | W | aurelia | NAUTICA | SELECTED | WISHFUL | GAS | U.S. POLO ASSN. | RARE RABBIT
UPTO 40% OFF
VAN HEUSEN | LP LOUIS PHILIPPE
BUY 1 GET 1 FREE
W WHITE HANGER | UNITED COLORS OF BENETTON. | parx | INDIAN TERRAIN | ARROW | PONTIAC | ColorPlus | PARK AVENUE
AND MANY MORE Exclusive Offers
T&C apply.
SHREE SHIVAM THE TOGETHERNESS STORE
BHOPAL | CHHINDWARA | JABALPUR | NAGPUR
BILASPUR: AGRASEN CHOWK, LINK ROAD, IN FRONT OF RAGHURAJ SINGH STADIUM | DURG: SANTRA BADI, STATION ROAD
RAIPUR: BESIDE AXIS BANK, JEEVAN BIMA MARG, PANDRI
Follow us on shreeshivamclothing shree_shivam 7222955555 Donate Organ. Donate Life. | AMPLE PARKING SPACE







प्रस्तुति-श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.-79871-24123










प्रस्तुति-श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.-79871-24123

## खबर संक्षेप



### सुबह से ही बच्चे, बूढ़े, युवा महिलाओं ने मांगा छेरछेरा

**मैनपुर।** नगर सहित पूरे अंचल में पौष पूर्णिमा पर छेरा–छेरा पूरे उल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। धान फसल मिंजाई के बाद यह छत्तीसगढ़ का पारंपरिक पर्व मनाया जाता है। इसी दिन अन्नदान करने की परंपरा की शुरूआत की गई थी। अन्नदान करने से ऐसी मान्यता है कि सारे संकट दूर होते हैं। सुबह से ही बच्चे, बूढ़े, नौजवान तथा सभी वर्ग के लोगों ने घर–घर जाकर छेर–छेरा कोठी के धान न माई हेर हेरा कहते हुए अन्न मांगा। इस अवसर पर छेर–छेरा कोठी के धान ल हेर–हेरा गांवों में गूंजता रहा।

### पूर्व मंत्री अमितेश सेंदर के दौरे पर रहेंगे कल

**छुईहा बेलर।** पूर्व विधायक राजिम अमितेश शुक्ल ग्राम सेंदर में 27 जनवरी को अपरान्ह 4 बजे आगमन होगा। निज सचिव टेक



राम देवांगन ने बताया कि ग्राम पंचायत सेंदर में टिन शेड निर्माण का लोकार्पण एवं भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी एंव सरस्वती माता मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रथम पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री अमितेश शुक्ल होंगे। साथ में जनपद पंचायत फिगेंश्वर अध्यक्ष पुष्पा साहू, जिला सभापति मधुबाला रात्रे, कांग्रेस जनप्रतिनिधि कार्यकर्ता उपस्थित रहेगें।
लोकसभा चुनाव के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी की बैठक राजीव भवन में 26 व 27 जनवरी को रखी गई है। जिसमे दिल्ली से लोकसभा प्रत्याशी चयन स्क्रीनिंग कमेटी की चेयरपर्सन और राज्यसभा सांसद रजनी पाटिल और प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट 11 लोकसभा सीटों को लेकर प्रदेश लोकसभा चुनाव समिति की बैठक लेंगे।

## सम्मेलन : दो दिनों तक होंगे विविध आयोजन

# विप्र वार्षिक उत्सव व सम्मेलन कल से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



सर्व ब्राह्मण समाज का प्रतिनिधिमंडल ने नवीन विश्राम गृह में उपमुख्यमंत्री व गृह मंत्री विजय शर्मा से मुलाकात कर स्वागत किया एवं बधाई दी। समाज द्वारा राजनांदगांव में आयोजित होने जा रहे युवक-युवती परिचय सम्मेलन , प्रदेश स्तरीय सामाजिक सम्मेलन एवं प्रदेश के निर्वाचित ब्राह्मण विधायकों पुरंदर मिश्रा, अनुज शर्मा एवं सुशांत शुक्ला का अभिनंदन समारोह अवसर पर अतिथि हेतु आमंत्रित किया। समारोह में आने की सहर्ष स्वीकृति उपमुख्यमंत्री ने दे दी है। प्रतिनिधिमंडल में राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा, राजनांदगांव जिला अध्यक्ष मोलेश तिवारी, महासचिव राकेश दुबे, शिव शर्मा, आशुतोष दुबे सहित पदाधिकारी शामिल थे। विज्ञप्ति जारी कर बताया गया है कि छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज के प्रतिभावान बच्चों के अंदर छिपे हुनर को मंच देने के लिए निःशुल्क प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। विजयी प्रतिभागियों के लिए आकर्षक पारितोषिक छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में विप्र सांस्कृतिक भवन प्रबंध समिति द्वारा विप्र वार्षिक उत्सव सम्मेलन 27 व 28 जनवरी को आयोजित है। वार्षिक सम्मेलन में सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं खेल उत्सव का आयोजन किया जाएगा। नृत्य प्रतियोगिता बालक एवं बालिका वर्ग हेतु अलग-अलग होगा। एवं तीन आयु वर्ग 5 से 10 वर्ष, 10 से 15 वर्ष एवं 15 से 25 वर्ष का होगा। एकल गायन प्रतियोगिता भी बालक और बालिका वर्ग में विभाजित होगा एवं तीन आयु वर्ग में होगा। अंताक्षरी प्रतियोगिता में चार विप्रजनों की एक टीम होगी। फैंसी ड्रेस के लिए 30 सेकंड का समय दिया जाएगा । नृत्य एवं गायन हेतु समय सीमा 3 मिनट की होगी। मेहंदी, रंगोली एवं ड्राइंग प्रतियोगिता हेतु समय सीमा एक घंटा 30 मिनट होगा । व्यंजन प्रतियोगिता में घर से मटर से बना व्यंजन बनाकर लाना है। पूजन थाल में पूर्ण पूजन सामग्री के साथ घर से तैयारी करके लाना है। गायन एवं नृत्य के गीत के बोल पंजीयन के साथ देना अनिवार्य है। तात्कालिक भाषण हेतु समय सीमा 3 मिनट की होगी । निबंध प्रतियोगिता हेतु अधिकतम शब्द सीमा 500 एवं समय 40 मिनट का होगा। लघु कथा लेखन एवं काव्य लेखन के लिए अधिकतम समय 20 मिनट का दिया जाएगा । ड्राइंग प्रतियोगिता के लिए 10 से 15 वर्ष आयु वर्ग के लिए ड्राइंग शीट एवं कलर की व्यवस्था समिति द्वारा की जाएगी। 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग को पेंसिल द्वारा स्केचिंग करना होगा। छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों या बाहर से आए प्रतिभागियों के लिए आवास एवं भोजन व्यवस्था आयोजक मंडल द्वारा किया जाएगा।

- सर्व ब्राह्मण समाज ने डिप्टी सीएम शर्मा को सामाजिक सम्मेलन एवं अभिनंदन समारोह में आतिथ्य के लिए किया आमंत्रित

### इन प्रतियोगिताओं का होगा आयोजन

सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत एकल नृत्य प्रतियोगिता ,युगल नृत्य प्रतियोगिता, समूह नृत्य प्रतियोगिता, एकल गायन प्रतियोगिता ,समूह गायन प्रतियोगिता ,अंताक्षरी प्रतियोगिता एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। साहित्यिक प्रतियोगिता के अंतर्गत तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता ,निबंध प्रतियोगिता ,लघु कथा लेखन ,काव्य लेखन प्रतियोगिता एवं प्रश्न मंच का आयोजन किया जाएगा । खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत शतरंज ,तिरी- पांसा ,लूडो ,टेबल टेनिस एवं बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। अन्य प्रतियोगिता के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता, ड्राइंग प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, व्यंजन प्रतियोगिता एवं पूजन थाल सजावट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

# बड़े भाई की हत्या, आरोप में छोटा भाई गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला



- धान बेचने के बाद पैसों को लेकर हुआ था विवाद

ग्राम पंचायत रूवाड के आश्रित ग्राम बीजापानी में 23 जनवरी को छोटे ने बड़े भाई की हत्या कर दी। मंगलवार को धान बेचने के बाद क़िस्त जमा करने को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ था।

पीपरछेड़ी थाने के मुताबिक बीजापानी के रहने वाले जुझार सिंग सोरी और देविग सिंग दोनों सगे भाइयों के बीच दोपहर धान बेचने के बाद मिले पैसों के बंटवारे और बकाया लोन के किस्त जमा करने को लेकर विवाद हो गया। छोटे भाई देविग सिंग ने बैंक से 10 हजार का लोन लिया था। बड़ा भाई उसे पटाने के लिए दबाव बना रहा था। इसी बात में दोनों के बीच कहासुनी हो गई और आवेश में आकर छोटे भाई देविग सिंग ने बड़े भाई जुझार सिग सोरी कीलकड़ी के बल्ली से पिटाई कर दी। जुझार सिंग सोरी अपने पत्नी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पास आंगनबाड़ी पहुंचा और सारी घटना उसे बताईं। थाने में जाकर रिपोर्ट लिखाने बात कही। लेकिन इसी बीच जुझार सिंग बेहोश होकर गिर गया। उसे पत्नी अन्य सहयोगियों की मदद से घर ले गई, जहां कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। पति के मौत के बाद पत्नी रुखमणी बाई सीधे पीपरछेड़ी थाने पहुंची और मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी संतोष साहू ने बताया कि मृतक के शरीर में चोट के निशान हैं। मृतक की पत्नी के बयान के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। आरोपी देविग सिंग को गिरफ्तार कर लिया गया है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

# छेरछेरा... माई कोठी के धान ल... हेर हेरा...





हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



पौष पूर्णिमा को छेरछेरा पूर्णिमा कहा जाता है। छत्तीसगढ़ में इस पर्व को बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया जाता है। समूचे क्षेत्र के गांव में गुरूवार सुबह से ही छोटे बच्चो से लेकर बड़े बुजुर्ग तक गांव में एक दूसरे के घर जाकर कहते रहे छेरछेरा माई कोठी के धान ल हेर हेरा । इस दिन अन्नदान का बहुत ही महत्व बताया गया है। कई गांव में बाजे-गाजे के साथ राम का नाम लेते हुए, महिला मंडली एक-एक घरों में पहुंचती रहीं। दोपहर तक छेरछेरा मांगने का यह सिलसिला चलता रहता है। किसानों के यहां धान दिया जाता है, जबकि व्यापारी व अन्य वर्ग के लोग पैसे भी देते हैं। इस पर्व पर बच्चों की खुशी देखते ही बनती है। खासतौर से गांव में काम बंद रखा जाता है। शहरीय क्षेत्र में यह छूट रहती है।

# रबी फसल सूची में शामिल करने किसान विधायक से मिले

**छुईहा बेलर।** रबी फसल सीज 2024 में प्रदेश की भाजपा ने शिकासेर जलाशय सहित अन्य छोटे बड़े जलाशय से धान फसल के लिए पानी देने फैसला लिया है। विधायक रोहित साहू ने कुगदा बांध से विधिवत पूजा कर गेट खोले। जल संसाधन विभाग गरियाबंद फिंगेश्वर द्वारा जारी सूची में कई गांव का नाम नहीं है। ग्राम सेंदर, कुण्डेल,चरभट्ठी, देवगांव, बारूला के किसानों ने संगठित होकर राजिम विधायक रोहित साहू से सूची में नाम जोड़ने की मांग का आवेदन पत्र सौंपा । विधायक ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सूची में इन ग्रामों का नाम प्राथमिकता से जोड़े। 100 -100 एकड़ में पानी देने सुविधा उपलब्ध सुनिश्चित करें। मांग आवेदन देने वालों में पूर्व सरपंच रामाधार साहू सेंदर, सरपंच चरभट्ठी देवगांव ओमप्रकाश साहू ,पुर्व सरपंच कुण्डेल रमेश चक्रधारी, सरपंच कुण्डेल राजेश सिन्हा सहित प्रभावित क्षेत्र



के किसान शामिल थे। अनुविभागीय जल संसाधन विभाग फिगेंश्वर पाण्डुका कुलेश्वर जोशी ने कहा विधायक से निर्देश प्राप्त हुआ है। उन ग्रामों का अवलोकन कर स्थिति पर पानी देना सम्भव है।

### श्री गायत्री प्रज्ञा मंदिर वार्षिक उत्सव पर आज कलशयात्रा

**मैनपुर ।** ग्राम पंचायत हरदीभाठा में श्री गायत्री प्रज्ञा मंदिर वार्षिक उत्सव के अवसर पर पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एंव दीपोत्सव का आयोजन रखा गया है। गायत्री मंदिर के पुजारी सवितानंद साहू ने बताया कि श्री गायत्री प्रज्ञा मंदिर वार्शिक उत्सव के अवसर पर 26 जनवरी को मंगलजल, कलशयात्रा, देवपूजन का आयोजन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होगा । 27 जनवरी को पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ, पूर्णाहुति तथा दीप महायज्ञ का आयोजन किया गया है। उन्होंने समस्त क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।





प्रस्तुति–श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.–79871–24123

# समस्त क्षेत्रवासी एवं प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..



धीरज ध्रुव
सरपंच,
ग्राम पंचायत गाड़ाघाट



ताम्रध्वज कंवर
सरपंच,
ग्राम पंचायत सड़कड़ा



दुजेश्वर ठाकुर
सरपंच,
ग्राम पंचायत पाण्डुका



देवसिंग कंवर
सरपंच,
ग्राम पंचायत कुटेना



घनश्याम ध्रुव
सरपंच,
ग्राम पंचायत कुकदा



प्रेमसिंग ध्रुव
सरपंच,
ग्राम पंचायत घटकर्रा



रामअधिन ध्रुव
सरपंच,
ग्राम पंचायत अतरमरा



लुमेश कंवर
सरपंच,
ग्राम पंचायत कुरूद



संतोष ध्रुव
सरपंच,
ग्राम पंचायत सांकरा



मानबाई ध्रुव
सरपंच,
ग्राम पंचायत तौरेंगा



दशोदा बाई ध्रुव
सरपंच,
ग्राम पंचायत मुरमुरा



राजेश्वरी दिवान
सरपंच,
ग्राम पंचायत रजनकटा



ध्यानबति कंवर
सरपंच,
ग्राम पंचायत बोर्डाबांधा



दयाबति कंवर
सरपंच,
ग्राम पंचायत पोड़




सुनिती ध्रुव
सरपंच,
ग्राम पंचायत फुलझर

**विनीत- पाण्डुका अंचल के ग्राम पंचायतों के समस्त उपसरपंच, सचिव, पंचगण एवं समस्त गांवों के ग्रामवासियों के तरफ से गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं**



संकलनकर्ता- गोरेलाल सिन्हा, ब्यूरोप्रमुख जिला- गरियाबंद
मो.-9993223300, 7000208528

संकलनकर्ता- उरेन्द्र साहू, संवाददाता-कोपरा,
मो.-9302034542, 9098047551




मा. नरेन्द्र मोदी
मा. अमित शाह
मा. जे.पी. नड्डा
मा.रमन सिंह
मा.ओम माथुर
मा. अरूण साव
मा. विजय शर्मा
मा. बृजमोहन अग्रवाल
मा. रामविचार नेताम
मा. केदार कश्यप
मा. दयालदास बघेल
मा. ओपी चौधरी
मा. लखनलाल देवांगन
मा. लक्ष्मी रजवाड़े
मा.श्यामबिहारी जयसवाल
टंकराम वर्मा
मा. किरण सिंह देव
मा. चंदूलाल साहू
मा.संतोष उपाध्याय
मा.राजेश साहू
मा.प्यारे लाल सोनकर
मा.भागवत हरित
छत्तीसगढ के यशस्वी गरीब किसान चिन्हईया मुख्यमंत्री
मान. विष्णुदेव साय एवं राजिम विधानसभा के विधायक
किसान बेटा रोहित साहू को सादर अभार-धन्यवाद...
कोटी-कोटी नमन, वंदन एवं अभिनंदन...
दी गई बड़ी सौगात-
गरियाबंद जिला के बृहद एवं लघु जलाशय से फिंगेश्वर क्षेत्र के किसान को रबी फसल पानी दिया गया है।
दो साल की किसान को बोनस दिया गया है।
प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी।
अतिशिघ्र मिलेंगे-
प्रति क्विंटल- 3100 रू.
महिला प्रोत्साहन राशि
महतारी वंदना योजना
राजिम विधानसभा क्षेत्र के
सम्मानीय आम जनता को
26 जनवरी गणतंत्र दिवस
की गाड़ा-गाड़ा बधाई व
ढेरो शुभकामनाएं...
विजय कंडरा
पूर्व सरपंच सिर्रीखुर्द, भाजपा नेता
रूपसिंग साहू
भाजपा नेता व समाजिक कार्यकर्ता
रामाधार साहू
पूर्व सरपंच, सेंदर
मनिष हरित
जिलाध्यक्ष, किसान मोर्चा
राजू साहू
जिला युवा मोर्चा
नेहरू साहू
भाजपा नेता
रामजी साहू
सरपंच, बाडकी
गजेश्वर सिन्हा
सरपंच, छुहिया
टिकेश साहू
सरपंच , निरोई
उदे राम
सरपंच, पतोरा
ओम प्रकाश साहू
सरपंच, चरभट्ठी
किशोर साहू
विधायक प्रतिनिधि
गजेन्द्र निषाद
प्रतिनिधि,जनपद सभापति
मिथलेश साहू
पूर्व सरपंच, परसदाकला
मोती निषाद
पूर्व सरपंच, बिजली
खोमन साहू
पूर्व उपसरपंच, बेलर
सुकदेव साहू
उपसरपंच, बारूला
सकुन साहू
पूर्व सरपंच, बोरसी
रेणुका साहू
पूर्व सरपंच, कुम्ही
रेखा साहू
पूर्व सरपंच, किरवई
ओमकार साहू
भाजपा नेता, कौंदकेरा
निलेश्वरी साहू
भाजपा नेत्री,सरपंच जैजरा
होरीलाल साहू
भाजपा नेता
कोमल ढीढी
पूर्व सरपंच, लचकेरा
पन्ना लाल साहू
भाजपा नेता
पुरूषोत्तम साहू
भाजपा युवा नेता
संगीता साहू
भाजपा नेत्री, सरपंच
रमेश चक्रधारी
भाजपा नेता
रेखा साहू
भाजपा नेत्री
विनीत- समस्त भाजपा कार्यकर्ता फिंगेश्वर क्षेत्र







संकलनकर्ता- गोरेलाल सिन्हा, हरिभूमि ब्यूरोचीफ गरियाबंद मो. 9993223300

## खबर संक्षेप



### अतिरिक्त कक्ष भवन का लोकार्पण विधायक साहू करेंगे

**राजिम।** सतनामी पारा में दोपहर 1 बजे शासकीय प्राथमिक शाला में अतिरिक्त कक्ष भवन का लोकार्पण मुख्य अतिथि विधायक रोहित साहू करेंगे। अध्यक्षता पूर्व सांसद चंदुलाल साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय,नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा-जितेंद्र सोनकर,उपाध्यक्ष रेखा-कुलेश्वर साहू,जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू,जिला भाजपा उपाध्यक्ष महेश यादव,मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा,नगर पंचायत के सभापति ओमप्रकाश आडिल,पार्षद राजकुमारी-राकेश मांड्रे मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ जेठुराम कोसरे,तुलेश्वर धृतलहरे परिक्षेत्र अध्यक्ष तहसील सतनामी समाज राजिम,चंदन नवरंगे संरक्षक, सियाराम महिलांगे,प्रकाश बंजारे,संतोष आडिल,ओमप्रकाश आडिल, मंशाराम कुर्रे,मोहित धृतलहरे,दद्दु कुर्रे,सत्तु मलहोत्रा,देवदास धृतलहरे सहित समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहेंगे।

**उपलब्धि : विधानसभा चुनाव में 89.95 प्रतिशत हुआ था मतदान**

# निर्वाचन में गरियाबंद जिले का कार्य उत्कृष्ट तत्कालीन कलेक्टर छिकारा हुए सम्मानित






हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

गरियाबंद जिला को विधानसभा चुनाव 2023 में उत्कृष्ट चुनाव कराने के लिए तत्कालीन कलेक्टर आकाश छिकारा को सम्मानित किया गया। यह सम्मान लोकायुक्त सीपी शर्मा ने दिया। बता दें कि गरियाबंद जिले में 89.95 प्रतिशत मतदान हुआ था, जिले में स्वीप यानी जागरूकता कार्यक्रम बेहतर ढंग से कराया गया था। परिणाम स्वरूप मतदाता पुनरीक्षण के लिए मिले कुल 54 हजार आवेदन में से महज डेढ़ माह में 45 हजार आवेदन के निराकरण हुए, जो प्रदेशभर के अन्य जिलों की तुलना में सर्वाधिक था। वर्तमान कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने इसके लिए समस्त जिलेवासियों और अधिकारी–कर्मचारियों को बधाई दी है । राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2024 के राज्य स्तरीय समारोह में दिए जाने वाले पुरस्कार अंतर्गत वर्ष 2023 में समग्र रूप से निर्वाचन कार्यों के संपादन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिलांतर्गत राज्य स्तरीय सर्वश्रेष्ठ जिला पुरस्कार के लिए गरियाबंद का चयन किया गया है। उपरोक्तानुसार पुरस्कार ग्रहण करने के लिए तात्कालिक कलेक्टर आकाश छिकारा का नाम चयन किया गया था। कलेक्टर छिकारा को इंदिरा गांधी कृषि महाविद्यालय रायपुर के विवेकानंद सभागार में आयोजित राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2024 के राज्य स्तरीय समारोह में गुरुवार को सम्मानित किया गया।

■ राजधानी रायपुर में किए गए सम्मानित

## मतदाता दिवस पर मतदान करने की दिलाई गई शपथ



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा

शासकीय प्राथमिक शाला भेंडरी संकुल केंद्र लोहरसी में गुरुवार को निर्वाचन आयोग भारत शासन के निर्देश पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर शिक्षकों, बच्चों, मतदाताओं को बीएलओ के उपस्थिति में शपथ दिलाई गई। शपथ के पूर्व संस्था के प्रधानपाठक राज्यपाल शिक्षक पुरस्कार से पुरस्कृत भागचंद चतुर्वेदी द्वारा नए मतदाता एवं बच्चों को सम्बोधित करते हुए बताया गया कि लोकतंत्र में मत देने का अधिकार जनता के लिए सबसे बड़ा अधिकार है। अपने मताधिकार का प्रयोग कर हम स्थानीय ,राज्य,एव केंद्र सरकार का चुनाव करते है, हमे ऐसे जनप्रतिनिधि का चुनाव करना चाहिए जो हमारे मूलभूत आवश्यकताओं, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार,एवं समस्याओं का ततपरता के साथ निराकरण के लिए प्रयास करने वाला हो। बिना डर ,भय, प्रलोभन, के निष्पक्ष सभी निर्वाचनों में हमे अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। उपस्थित शिक्षकों बच्चों मतदाताओं को संस्था प्रमुख द्वारा शपथ दिलाई गई। इसमें भागचंद चतुर्वेदी, लालजी सिन्हा, टीकूराम ध्रुव,प्रदीप कुमार साहू,रेखराम निषाद,झम्मन पटेल, बीएलओ टामिन साहू,शान्ति ध्रुव,कैलाश साहू,नेहरू साहू,बालकेबिनेट के सदस्य हेमलता,दिव्या, लुप्ताजंली, सनत, हर्षिता, करण, देवव्रत, कुणाल ,वेदांत, लक्ष्मी ,चंचल साहू सहित बच्चों की सहभागिता रही।


■ प्राथमिक शाला भेंडरी में मना राष्ट्रीय मतदाता दिवस



### मतदान को लेकर एसडीएम ने शपथ दिलाई

**फिंगेश्वर।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर 25 जनवरी को राजिम एसडीएम धनंजय नेताम ने नगर पंचायत में अधिकारी, कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों को मतदान कराने को लेकर शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि नगर सहित अंचल के सभी नागरिकों को अधिकार है कि वह चुनाव मे अपने मताधिकार का उपयोग कर लोकतंत्र को मजबूत करे। राष्ट्र के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभाएं। आने वाले समय मे लोकसभा चुनाव है जिसको लेकर नगर के वार्डों में जनजागरूता अभियान चलाकर यह सुनिश्चित करें कि कोई भी व्यक्ति जिसकी उमर 18 साल पूर्ण हो चुका हो जिसका नाम मतदाता सूची में हो। वह मतदान करने केन्द्रों में अवश्य ही जाय। मतदाताओं को मतदान करने सभी प्रेरित करें। इस अवसर पर सीएमओ प्रदीप मिश्रा,जनपद के सीईओ अजय पटेल,नगर पंचायत अध्यक्ष जगदीश यादव,पार्शद दीपक श्रीवास सहित नगर पंचायत एवं जनपद के कर्मचारी उपस्थित थे।

### परेड में शामिल होने तैयार हो रही झांकी



**मैनपुर।** गणतंत्र दिवस समारोह गरियाबंद में शामिल होने के लिए मैनपुर नगर में पीएम श्री स्कूल की झांकी तैयार की जा रही है। देर शाम तक झांकी तैयार होकर जिला मुख्यालय के लिए रवाना हुई।

पेज 9 का शेष...

### कुकदा पिकवियर...

में सिंचित होंगे, इनमे 7000 एकड़ खेत कुकदा डैम और 2000 एकड़ कृषि भूमि अन्य छोटे जलाशय से सिंचित होंगे। विधायक श्री साहू ने कहा कि पांच साल से किसान रबी फसल के लिए पानी की मांग कर रहे थे। इसे लेकर उन्होने मुख्यमंत्री और सिंचाई मंत्री से मुलाकात की थी। **इन गांवों को मिलेगा पानी-** वृहत योजना अंतर्गत सिकासार जलाशय पैरी दांयी मुख्य नहर तथा जोगीडीपा माइनर, खड़मा जलाशय, आमानाला, कोटरीनाला, तौरेंगा, बोरिद, गुण्डरदेही, गनियारी जलाशय आदि से छुरा क्षेत्र के पाण्डुका, रजनकट्टा, सरकड़ा, कुकदा, पोड़, कुटेना, खडमा, अमेठी, परसदाखुर्द को पानी मिलेगा। वही फिंगेश्वर क्षेत्र के खट्टी, आसरा, अतरमरा, कुम्हरमरा, मोहतरा, मुरमुरा, फुलसर, तर्रा, सुरसाबांधा, कसेरूडिह, धूरसा, जमाही, छुईया, चरौदा, फिंगेश्वर, परसदाकला, बेलर, बोड़की, फुलझर, पतोरी, घोघरा, जोगीडीपा, सड़कड़ा, गनियारी, गुण्डरदेही, सांकरा, गाड़ाघाट, रेवली, परतेवा, श्यामनगर, घुमा, लफंदी, बेलटुकरी, किरवई सहित अन्य गांवों को पानी मिलेगा।

### ग्रामीण ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम खड़मा में बीती ग्राम के मनहरण छैदया ने खड़मा मड़ेली पहुंच सड़क मार्ग पर विजय गुप्ता के खेत की मेढ़ में लगे महुआ के पेड़ में सफेद रंग के गमछा से फंद बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। आज सुबह जब राहगीरों की नजर फांसी पर लटके आदमी को देखा तो गांव में सनसनी फैला गई। गांव के लोगों ने मृतक की पहचान मनहरण छैदया के रुप में की। ग्रामीणों एवं ग्राम कोटवार और परिजनों ने छुरा थाना पहुंच कर सूचित किया। पुलिस ने शव पंचनामा कर फांसी के फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम कर शव को रिस्तेदारों को अंतिम संस्कार के लिए दे दिया। फांसी के फंदे पर लटके सड़क किनारे लगे खेत की मेढ़ में महुआ पेड़ पर जिससे आने जाने वाले राहगीरों की नजर पड़ती रही, जिससे काफी भीड़ रही।

## लोकतंत्र को मजबूत करने करें मतदान, दिलाया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर



तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर सहित पुरे विकासखण्ड क्षेत्र में 25 जनवरी राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जगह जगह कार्यक्रम आयोजित कर मतदान के सबंध में बताया गया। साथ ही देश में लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति का मतदान की उपयोगिता के संबंध में विस्तार से बताया गया। इस दौरान तहसीलदार सीताराम कंवर ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को मतदान के लिए जागरूकता पैदा करना है। उन्हें चुनावी प्रकिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि सभी मतदाता को अपने मत का उपयोग देश के विकास और लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए करना चाहिए। मैनपुर प्राथमिक शाला, स्वामी आत्मांनद स्कूल में भी मतदाता दिवस के अवसर पर संकल्प दिलाया गया। इस मौके पर मनरेगा परियोजना अधिकारी रमेंश कंवर,टीकम पटेल, संतोष पटेल, वासुदेवकरण मार्य, प्राचार्य बी.एस.नागेश, जावेद मेमन, रामेश्वरी ध्रुव,सुशमा दास, राधा रोशन साहू, रोली शर्मा, अखिल चेलक, गीता यादव, मिनेश्वरी साहू, रामकुमार तारक, रूपेश यादव, दुर्गा प्रसाद कोमर्रा सहित बडी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।




आदिम जाति सेवा सहकारी समिति रसेला पं.क्र. 1769
के तरफ से क्षेत्र के समस्त किसानों को
26 JANUARY
गणतंत्र दिवस
की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
पंकज यादव
प्रभारी प्रबंधक समिति रसेला
टेसराम ठाकुर
सहायक लिपिक
अनीष मेमन
कम्प्यूटर ऑपरेटर
उग्रसेन नेताम
विक्रेता
अश्वनी साहू
विक्रेता
मनोज नागेश
प्रोसेस सर्वर
श्रीमती चंचला जगत
विक्रेता
गमसिंग कंवर
सहा:कर्मचारी
राजू नेताम
सहा:कर्मचारी
मिथलेश यादव
सहा. कर्मचारी
टेश निषाद
सहा. कर्मचारी
विनितः - आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित रसेला पं.क्र.1769 व क्षेत्र के समस्त कृषकगण।


रसेला पंचायत के समस्त ग्रामवासियों को व क्षेत्रवासियों को
26 JANUARY
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
बिगेन्द्र ठाकुर
सरपंच
भुनेश्वर ध्रुव
सचिव
परमेश्वर यादव
उपसरपंच
चंद्रपाल ठाकुर
श्रीमती नेमिन यादव
श्रीमती आसमिन सेन
कैलाश यादव
श्रीमती सरिता ठाकुर
श्रीमती साधना जायसवाल
श्रीमती शरदाबाई यादव
श्री भुनेश्वर मरकाम
संतराम ठाकुर
हेमंत सेन
श्रीमती सुमित्रा सोरी
डायमंड ध्रुव
श्रीमती धनमोतिन ठाकुर
श्रीमती तुलसी कुर्रे
टकेश्वर सेन भृत्य
विनितः - ग्राम पंचायत रसेला विकासखण्ड व जनपद पंचायत छुरा व समस्त ग्रामवासी रसेला।




















संकलनकर्ता- शेख हसन खान, मैनपुर संवाददाता हरिभूमि, जिला-गरियाबंद, मो. 9179680573



















संकलनकर्ता- गोरेलाल सिन्हा, हरिभूमि ब्यूरोचीफ गरियाबंद मो. 9993223300

## खबर संक्षेप

### रानीपरतेवा में दो दिवसीय वालीबॉल प्रतियोगिता कल से

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम रानीपरतेवा में 27 जनवरी से 28 जनवरी तक दो दिवसीय वालीबॉल प्रतियोगिता जय सिद्धेश्वर नाथ स्पोर्ट्स क्लब के तत्वावधान में प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम पंचायत परिसर में जाएगा। शुभारंभ के मुख्य अतिथि प्रहलाद यदू कृषि सभापति जनपद पंचायत छुरा, अध्यक्षता केशरी नेताम सरपंच रानीपरतेवा, विशेष अतिथि साधुराम निषाद ग्राम पटेल,परदेशीराम साहू,बुधराम फाड़े, रमनलाल सिन्हा होगें। समापन एवं पुरस्कार वितरण के मुख्य अतिथि श्रीमती केशरी ध्रुव जिला पंचायत सदस्य, अध्यक्षता केशरी नेताम सरपंच, विशेष अतिथि प्रहलाद यदू जनपद सदस्य, गिरधर निषाद, कन्हैयालाल निषाद,किर्तन निषाद होंगे। प्रतियोगिता में प्रथम इनाम 11111 रु, द्वितीय 7777 रु, तृतीय 3333 रु है। उक्त जानकारी क्लब के सदस्य गिरिवर निषाद, विनोद अडबंशी, हितेश यदु, पुरन निषाद ने दी है।

### कसेकेरा में भव्य वार्षिक मड़ई मेला कल

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम कसेकेरा में 27 जनवरी दिन शनिवार को भव्य वार्षिक मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। मड़ई का शुभारंभ सुबह से ग्राम के देवी-देवता पूजा की पूजा- अर्चना से किया जाएगा। उक्त अवसर पर मड़ई, वैरक, राऊतनाचा आकर्षण होंगे। रात्रिकालीन कार्यक्रम नवरंग छत्तीसगढ़ी नाचपार्टी, माउलीभाठा रखा गया है। यह जानकारी गैदसिंग नेताम सरपंच प्रतिनिधि ने दी है।

### पांडुका मड़ई मेले का आयोजन 1 फरवरी से

**पांडुका।** गरियाबंद जिले का प्रसिद्ध पांडुका मड़ाई मेला 2024 का आयोजन 1 फरवरी से प्रारंभ होकर 4 फरवरी तक चलेगा। वर्षों से चली आ रही मान्यता के अनुसार छेरछेरा पुन्नी के बाद आने वाले गुरुवार को यह मड़ई मेले का आयोजन होता है।

### अन्नदान का महापर्व : सुबह से गूंजता रहा ‘ छेर छेरा माई कोठी के धान ला हेर हेरा’

# बैंड की धुन तो कहीं झांझ-मंजीरा बजाते निकली युवाओं की टोलियां, सबने खुले हाथों से भरी झोलियां

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद

छेर छेरा माई कोठी के धान ला हेर हेरा’ यही आवाज छेरछेरा पर्व पर गुरुवार को गांव से गलियों से लेकर शहर तक गूंजता रहा। मांदर-ढोलक और झांझ-मंजीरा लिए जब नाचते-गाते, डंडा के ताल के साथ कुहकी पारते लोकनृत्य में यह एक शैली है ताल के साथ मुंह से आवाज निकालने की इसे ही कुहकी पारना कहते हैं युवाओं की टोली निकलती थी तो लोग उन्हें दान देने के लिए अपनी बारी की प्रतीक्षा करते थे। छेरछेरा का असली रूप और असली मजा ऐसा ही होता है। इस वर्ष बच्चों में ख़ासा उत्साह देखने को मिला।

छेरछेरा पर्व पर सुबह से ही बच्चे, युवक व युवतियों ने हाथ में टोकरी, बोरी आदि लेकर घर-घर छेरछेरा मांगा। यह उत्सव कृषि प्रधान संस्कृति में दानशीलता की परंपरा को याद दिलाता है। छत्तीसगढ़ का लोक पर्व छेरछेरा नगर सहित समूचे अंचल में मनाया गया। इस अवसर पर बच्चे व बड़े बाजे-गाजे के साथ घर-घर पहुंचकर दान स्वरूप धान व पैसा मांगा।बच्चों ने दान देने वाले को आशीष दिया कि आपका धान का भंडार सदा भरा रहे। गांव के लोग भी उत्साह से बच्चों, युवाओं एवं एवं बुजुर्गों को दान दिया। बुजुर्ग महिला धर्मीन बाई सिन्हा ने बताया कि यह पर्व फसल मिसाई के बाद खुशी मनाने से संबंधित है। पर्व में अमीरी गरीबी के भेदभाव से दूर एक-दूसरे के घर जाकर छेरछेरा मांगते हुए कहते हैं छेरछेरा माई कोठी के धान ल हेरहेरा। मान्यता है कि धान के कुछ हिस्से को दान करने से अगले वर्ष अच्छी फसल होती है। इसलिए इस दिन किसान अपने दरवाजे पर आए किसी भी व्यक्ति को निराश नहीं करते। प्राचीन काल में राजा महाराजा भी इस पर्व को मनाते थे। छत्तीसगढ़ में प्राचीनकाल से छेरछेरा पर्व की संस्कृति का निर्वहन होते आ रहा है। लोगों के घरों में तरह-तरह के पकवान बनाए गए। किसानों में इस पर्व को लेकर काफी उत्साह दिखा। दरअसल यह त्योहार खेती-किसानी समाप्त होने के बाद मनाया जाता है। इस अवसर पर लोग गांवों से बाहर निकलते नहीं हैं। गांव में रहकर ही इस पर्व को मनाते हैं। वैसे इस पर्व की तैयारी सप्ताहभर पहले से शुरू हो गई थी।

भारती सिन्हा ने बताया बाबू रेवाराम की पांडुलिपियों से पता चलता है कि कलचुरी राजवंश के कोशल नरेश कल्याणसाय आठ वर्षों बाद जब अपनी राजधानी रतनपुर पहुंचे तो रानी फुलकेना ने रत्न और स्वर्ण मुद्राओं की बारिश करवाई। रानी ने प्रजा को हर वर्ष इस तिथि पर आने का न्योता दिया। तब से राजा के उस आगमन को यादगार बनाने छेरछेरा पर्व मनाया जा रहा।

### गांव की गलियों से लेकर शहर तक धूमधाम से मना





### मोहल्लो में बैंड बजाते हुए घर-घर पहुंचीं बच्चों की टोलियां

इस वर्ष अच्छी फसल होने से छेरछेरा पर्व पर रौनक दिखाई दी। बच्चे छेरछेरा कोठी के धान हेर हेरा कहते हुए घर-घर पहुंचकर छेरछेरा मांगा। बच्चों ने टोलियां बनाकर बैंड पार्टी व कीर्तन मंडली के साथ घरों में सुबह 7 से दोपहर 1 बजे तक छेरछेरा मांगने पहुंचे। पुराना मंगल बाज़ार मानस चौक संतोषी मंदिर बजरंग चौक सहित अन्य वार्डों और गांवों में बच्चों के साथ बड़ों में उत्साह देखने को मिला। वार्ड नंबर 15 के पार्षद रितिक सिन्हा ने बताया कि किसानों के यहां अच्छी फसल होने के कारण घर-घर जाकर छेरछेरा मांगने गए यहाँ बच्चे बाजे-गाजे के साथ युवाओं की टोली ने घर-घर जाकर अन्नदान मांगा।

### गरियाबंद में दान मांगने सभी वर्गों में दिखा उत्साह

छेरछेरा पर्व पर बच्चे, जवान व बूढ़े सभी ने टोली बनाकर घर-घर जाकर अन्न का दान मांगा। लोगों ने दान भी दिया। अंचल में इस बार कर्ज माफी और 3100 रुपए क्विंटल धान के कारण छेरछेरा का लोगों में विशेष उत्साह रहा।

### कोरासी में धान व धन का किया दान

**मुड़ागांव(कोरासी)।** लोक पारंपरिक त्योहार छेरछेरा कोरासी सहित ग्रामीण अंचल में भी बड़े ही धूमधाम से आज मनाया गया। सुबह से ही लोकगीतों का वाचन करते घर-घर छेरछेरा मांगा। छेरछेरा का पर्व दान पुण्य के भाव को लोगों के मन में जागृत करता है। लोग स्वेच्छानुसार धान और धन का दान देते हैं। आज सुबह से ही गांव में छेरछेरा मांगने छोटे बच्चों की टोली घर-घर पहुंची। किसान अपने खलिहानों के धान काटकर जब घरों में लाते हैं और मिंजाई खुटाई करने के बाद पौष महीने की पूर्णिमा को प्रतिवर्ष छत्तीसगढ़ का पारंपरिक तिहार छेरछेरा का पर्व मनाया जाता है। इसमें सभी वर्ग के लोग चाहे छोटे हो या बड़े। सभी एक दूसरे के घर जाकर अन्न या धन का दान लेते हैं और देते हैं। सभी के घरों में आज के दिन मीठे पकवान और छत्तीसगढ़ी व्यंजन बनाए जाते हैं। एक-दूसरे को परोसा जाता है।



### छेरछेरा पुन्नी पर्व हर्ष और उल्लास के साथ मना

**मुड़ागांव(कोरासी)।** आसपास के क्षेत्र के साथ-साथ मुड़ागांव में छेरछेरा त्यौहार हर्ष व उल्लास के साथ मनाया गया। छेरछेरा पुन्नी पर्व छत्तीसगढ़ का लोकपर्व किसानों, अन्न और दान की परंपरा से जुड़ा हुआ है। पौष मास की पूर्णिमा को मनाए जाने वाला यह त्यौहार नए धान से कोठार के भर जाने का उत्सव है। इस दिन बच्चे टोलियों में घर घर जाते हैं और आवाज देते हैं। छेरछेरा, कोठी के धान ला हेरहेरा, वहीं युवाओं की टोलिया भी घूम-घूम कर नित्य करते हुए दान मांगते हैं। इस दिन अन्नपूर्णा देवी की पूजा होती है। त्यौहार को दान लेने देने पर वह भी माना जाता है। ऐसी मान्यता है, इस दिन दान करने से घरों में धन-धान्य की कोई कमी नहीं रहती है। जो भी द्वार पर दान मांगने को दस्तक दें उसे खाली हाथ वापस न जाने दे। इस पर्व पर पूर्व सरपंच गोदावरी दीवान ने अपने घर पर अन्न का दान किया व आदिवासी सामाजिक कार्यकर्ता रेखराम ध्रुव, अनिल, राकेश, ईशु, हनुमान, मेष, युग, लोमन, गोपाला, गुलशन, लोकसाय, बेदराम समस्त युवाओं सक्रिय रहे।



### दान का पर्व मना धूमधाम से

**मुड़ागांव(कोरासी)।** दान का महापर्व छेरछेरा ग्राम मड़ेली तथा आसपास के ग्रामों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही स्नान करने के बाद पूजा अर्चना कर बच्चों की टोली दान मांगने घर घर निकल पड़े। लीला मण्डली के कलाकारों ने चढ़ौती दान को बाजे गाजे तथा भजन करते हुए गली में निकल पड़े। ग्राम मड़ेली में वर्षों से यह दान मांगने की परम्परा चली आ रही है। ग्राम के लोग हस्तमुक्त दान करते हैं। इसी दान के पैसों से दशहरा पर्व का आयोजन होता है। दुर्गा समिति के लोग भी टोली में निकलते हैं। बच्चों की टोली छेरिक छेरा छेर बरतनिन छेर छेरा , कहते हुए घरों घर दान मांगते हैं। लीला मण्डली के कलाकारों में भूषण ठाकुर, प्रेमनारायण ध्रुव , ईश्वर ठाकुर, भीखम ठाकुर, लोचन ठाकुर,निर्मल मरकाम,नीलाम्बर ध्रुव, युवराज ठाकुर, पुरूषोत्तम ठाकुर, भोलेनाथ ठाकुर, प्यारेलाल सिन्हा,लोकेश्वर साहू,लोमश साहू,वेशनारायण ठाकुर आदि है।





# अंचल में धूमधाम से मनाया गया छेरछेरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पाटसिवनी (पिपरहट्टा)

ग्रामीण अंचल के गांव पाटसिवनी,परसदाखुर्द,पिपरहट्टा,जमली,अमलोर, देवगांव सहित अन्य गांव में गुरुवार को छत्तीसगढ़ का पारंपरिक त्यौहार छेरछेरा मनाया गया। पर्व को लेकर इस वर्ष बड़े बुजुर्गों के अलावा खास कर बच्चों एवं लड़कियों में भी काफी उत्साह देखने को मिला। ग्रामीण क्षेत्रों में इस त्यौहार को बड़े धूमधाम से उत्साहपूर्वक मनाते हैं। इस दिन बच्चों से लेकर बड़े बुजुर्ग घर-घर जाकर छेरछेरा के रुप में धान मांगते हैं। लोग छेरछेरा के रुप में धान के साथ यथासंभव रुपए तथा चॉकलेट, घरों में बनाए पकवान भी देते हैं। यह पर्व फसल मिसाई के बाद खुशी मनाने से संबंधित है। पर्व में अमीरी गरीबी के भेदभाव से दूर एक-दूसरे के घर जाकर छेरछेरा मांगते हुए कहते हैं, छेरछेरा माई कोठी के धान ल हेरहेरा। मान्यता है कि धान के कुछ हिस्से को दान करने से अगले वर्ष अच्छी फसल होती है। इसलिए इस दिन किसान अपने दरवाजे पर आए किसी भी व्यक्ति को निराश नहीं करते। छत्तीसगढ़ में प्राचीनकाल से छेरछेरा पर्व की संस्कृति का निर्वहन होते आ रहा है। दिनभर अंचल में छेरछेरा के कारण एक ओर जहां बच्चों की टोली छेरछेरा मांगते दिखे। वहीं दूसरी ओर ग्रामीण भी उत्साह के साथ इस पर्व को मनाते देखे गए।




हरिभूमि
पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468




### हर्षोल्लास के साथ मना अन्नदान का पर्व

**पाटसिवनी (पिपरहट्टा)।** अन्नदान का पर्व छेरछेरा पाटसिवनी में धूमधाम से मनाया गया। छत्तीसगढ़ में यह पर्व नई फसल के खलिहान से घर आ जाने के बाद मनाया जाता है। छेरछेरा पर्व में रामायण मंडली, लीला मंडली एवं समितियों द्वारा बाजा, पेटी बजाते हुए घर-घर जाकर लिया जाता है। गांव में छोटे बच्चों के साथ बुजुर्गों ने भी बड़े उत्साह के साथ कांवर, थैला लेकर घर-घर से छेरछेरा दान मांगा।



### बच्चों को चाकलेट और बड़ों को धान का दिया दान

**छुरा।** पौष मास पूर्णिमा के अवसर पर नगर में सभी जगहों पर स्नान दान का पर्व छेरछेरा मनाया गया। सुबह से ही बच्चे बूढ़े छेरछेरा के लिए घर से निकले एवं युवाओं बाजे गाजे के सभी लोग लोगों ने इस दान के पर्व पर बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों को चॉकलेट ,बड़ों को चावल, धान एवं धन का दान कर पुण्य के भागीदार बने ।




online Booking:-www.tripuryatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
07 मई से 20 मई 2024, 09 मई से 22 मई 2024, 11 मई से 24 मई 2024, 13 मई से 26 मई 2024, 15 मई से 28 मई 2024, 17 मई से 30 मई 2024
राशि:-स्लीपर 18500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
Since-2007
RAIPUR- D-35, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411



Congratulations
Sumeet Group
छत्तीसगढ़ में पहली बार!
10 CRORE से अधिक के उपहार
5th MINI DRAW WINNERS
04 JAN. 2024 TO 21 JAN. 2024
TATA NEXON SMART CAR
OLA S1 X BIKE
10 GM GOLD COIN
1 Car Winner COUPON NO. 769576
2 Bike Winner COUPON NO. 685384 COUPON NO. 775394
3 Gold Coin Winner COUPON NO. 806210 COUPON NO. 819519 COUPON NO. 831770
4 PRIZE WINNER सूटकेस सेट (3 पीस वाला) 4102, 4931, 9623, 9729, 9805, 9808
पंचम मिनी ड्रॉ के प्रत्येक कूपन के अंतिम 4 अंक 71 व्यक्तियों के लिये
5 PRIZE WINNER ब्रांडेड सूटकेस 026, 160, 534, 924
पंचम मिनी ड्रॉ के प्रत्येक कूपन के अंतिम 3 अंक 501 व्यक्तियों के लिये
6 PRIZE WINNER डफल बैग विनर 016, 109, 136, 321, 386, 399, 427, 429, 711, 719, 758, 791, 806, 812, 818, 836, 853
पंचम मिनी ड्रॉ के प्रत्येक कूपन के अंतिम 3 अंक 2100 व्यक्तियों के लिये
अगले विजेता आप भी हो सकते हैं।
*condition apply
Shubham K Mart
सुमीत बाज़ार
हम गढ़ते है विश्वास SUMEET JEWELLERS
अधिक जानकारी के लिए हमारे नजदीकी शोरूम में आज ही पधारिये